>

Title: Need to release funds under Pradhan Mantri Gram Sarak Yojana for the State of Bihar.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): अध्यक्ष महोदया, बिहार में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का जितना कार्य था, वह 2006 से अभी तक पूरा नहीं हुआ है। भारत सरकार बिहार सरकार के साथ सौतेलेपन का व्यवहार करती है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का एक भी पैसा बिहार के पास नहीं पहुंचा है जिसके कारण सारी सड़कें अधूरी पड़ी हुई है। जो ठेकेदार संवेदक थे, उन्होंने अपने घर से 10 करोड़ रुपया लगाया लेकिन 2 करोड़ रुपया पेमेंट के रूप में मिला। अभी 8 करोड़ रुपया सब का कर्ज हो गया। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि बिहार सरकार के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का पूरा पैसा भिजवाने की कृपा करें और जो सड़कें अधूरी पड़ी हुई हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाये।

अध्यक्ष महोदया, मैं साथ ही यह मांग करता हूं कि जब बिहार में जनता ने एन.डी.ए. और श्री नीतीश कुमार को जिताने का काम किया है , इसका मतलब यह नहीं कि भारत सरकार बिहार की जनता को लात मार कर भगा दे। जब तक बिहार विकास नहीं करेगा, तब तक भारत का विकास नहीं होगा। मेरा आग्रह है कि बिहार सरकार को शीघ्र पैसा भिजवाने की कृपा करें।